# INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL DAMMAM
## 2012 - 13 SUMMATIVE ASSESSMENT - I

CLASS : VIII
SUBJECT : HINDI

SET - A

Max. Marks :
TIME : 3 HRS.

StudentBounty.com

सामान्य निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र के दो खंड हैं - खण्ड 'क' और खण्ड 'ख'
2. प्रश्न संख्या सावधानी पूर्वक लिखें।
3. कुल प्रश्न 18 हैं।

## खण्ड 'क'

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर, चुनकर लिखिए - 5

जल मनुष्य की बुनियादी आवश्यकता है। स्वच्छ जल न मिलने के कारण, गाँवों तथा शहरों में रहने वाले लोग, अनेक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। प्रतिवर्ष अनेक लोग, जल - प्रदूषण के कारण मर रहे हैं। नदियों में पालतू जानवरों को नहलाने तथा कपड़े धोने से भी जल प्रदूषित होता है। कारखानों से निकलने वाला कचरा भी नदियों के जल में मिलता है और उसे गंदा करके, पीने योग्य नहीं रहने देता।

प्र=1) मनुष्य की बुनियादी आवश्यकता क्या है?
(क) रोटी (ख) कपड़ा (ग) जल

(प्र=2) नदियों में पशुओं को नहलाने और कपड़े धोने से क्या हानि होती है?
(क) बाढ़ (ख) जल प्रदूषण (ग) जल संरक्षण

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

प्रश्न 6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर, चुनकर लिखिए -

आलम आरा फिल्म 14 मार्च 1931 को मुंबई के 'मैजेस्टिक' सिनेमा में प्रदर्शित हुई। फिल्म 8 सप्ताह तक 'हाउसफुल' चली और भीड़ इतनी उमड़ती थी कि पुलिस के लिए नियंत्रण करना मुश्किल हो जाया करता था। समीक्षकों ने इसे 'भड़कीली फैंटसी' फिल्म करार दिया था। दर्शकों के लिए यह फिल्म एक अनोखा अनुभव थी। यह फिल्म 10 हज़ार फुट लंबी थी और इसे चार महीनों की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया था।

(प्र=1) आलम आरा फिल्म मुंबई में कहाँ प्रदर्शित हुई?
(क) प्लाज़ा सिनेमा (ख) मैजेस्टिक सिनेमा
(ग) मिनर्वा सिनेमा

(प्र=2) यह फिल्म कितनी लंबी थी?
(क) 5 हज़ार फुट (ख) 1 हज़ार फुट (ग) 10 हज़ार फुट

(प्र=3) आलम आरा फिल्म कितने सप्ताह तक हाउसफुल चली?
(क) 8 सप्ताह तक (ख) 18 सप्ताह तक (ग) 28 सप्ताह तक

(प्र=4) फिल्म को तैयार करने में कितने महीने लगे?
(क) आठ महीने (ख) चार महीने (ग) दस महीने

(प्र=5) समीक्षकों को यह फिल्म कैसी लगी?
(क) असफल फैंटसी (ख) शानदार फैंटसी
(ग) भड़कीली फैंटसी

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 9 | किन्हीं 'चार' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-<br>अग्रज, पराधीन, निंदा, उत्तीर्ण, मानव | 4 |
| प्रश्न 10 (i) | निम्नलिखित विराम चिह्नों के नाम लिखिए- | 2 |
| (1) | ( , ) - | |
| (2) | ( । ) - | |
| (ii) | निम्नलिखित वाक्यों में, विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए- | 2 |
| (1) | आप कहाँ जा रहे हो | |
| (2) | वाह तुमने तो कमाल कर दिया | |
| प्रश्न 11 | किन्हीं 'दो' वाक्यों को शुद्ध कीजिए- | 2 |
| 1. | मैं कविता लिखता है। | |
| 2. | तुम तुम्हारे घर चले जाओ। | |
| 3. | पंखे से ठंडी हवा आ रहा है। | |
| | खण्ड 'ख' | |
| प्रश्न 12 | किन्हीं 'चार' शब्दों के अर्थ लिखिए-<br>विनिमय, पटकथा, सरिता, चाव, असीम | 4 |
| प्रश्न 13 | किन्हीं 'पाँच' शब्दों के वाक्य बनाइए-<br>पगड़ी, पटकथा, असीम, चाव, किरदार, सरिता | 5 |
| प्रश्न 14 | किन्हीं 'दो' शब्दों को शुद्ध कीजिए-<br>चौकल, सनेमा, लाक | 2 |
| प्रश्न 15 | किन्हीं 'छः' प्रश्नों के उत्तर 'एक वाक्य' में लिखिए- | 6 |



StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

1. बदलू की बेटी का क्या नाम था ?

2. आलम आरा फिल्म ने किस भाषा को लोकप्रिय बनाया ?

3. 'बाज़ और साँप'- पाठ की कहानी के लेखक कौन हैं ?

4. सूरज डूबने के समय, हम किस की प्रतीक्षा करते हैं ?

5. 'यह सबसे कठिन समय नहीं'- कविता किसने लिखी है ?

6. साँप कहाँ रहता था ?

7. 'माधुरी' नाम की फिल्म में कौन नायिका थी ?

8. बदलू का पैतृक पेशा क्या था ?

प्रश्न16 किन्हीं 'चार' प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×4=8

1. बदलू के मन में ऐसी कौन सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी ?

2. बाज़ के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

3. पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर.एम. ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली?

4. चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर, उड़ने की तैयारी में क्यों है ?

5. 'अभी भी' का प्रयोग करते हुए 'दो' वाक्य बनाइए ।

प्रश्न17 किन्हीं 'तीन' प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3×3=9

1. मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

2. घायल बाज़ को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा ?

3. 'तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं'-

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

4\. जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित [illegible] तो उसके पोस्टरों पर कौन से वाक्[illegible] गए ?

प्रश्न 18 किन्हीं 'दो' प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1\. विट्ठल का चयन आलम आरा फिल्म के नायक के रूप में हुआ लेकिन उन्हें हटाया क्यों गया ? विट्ठल ने पुनः नायक होने के लिए क्या किया ?

2\. कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ? पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

3\. 'यह कठिन समय नहीं है' - यह बताने के लिए कविता में कौन - कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

समाप्त

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

(प्र=3) कारखानों से निकलने वाला कचरा ... जाकर मिल जाता है?
(क) नदियों के जल में (ख) तालाब में (ग) नाल...

(प्र=4) गाँवों में जल प्रदूषित होकर, किसके योग्य नहीं रहता?
(क) नहाने के (ख) पीने के (ग) दोनों में से कोई नहीं

(प्र=5) इस गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा?
(क) पशु एक समस्या (ख) जल प्रदूषण (ग) रुका हुआ जल

प्रश्न2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर, चुनकर लिखिए- 5

फूलों से नित हँसना सीखो,
भौंरों से नित गाना,
झुकी डालियों से सीखो,
नित गुरू को शीश झुकाना।
दीपक से सीखो जितना,
हो सके अँधेरा हरना,
धरती से सीखो प्राणी की,
सच्ची सेवा करना।

(प्र=1) हम फूलों से क्या सीख सकते हैं?
(क) हँसना (ख) खिलना (ग) मुरझाना

(प्र=2) झुकी डालियों से हम क्या सीखते हैं?
(क) फल देना (ख) गुरू का सम्मान करना
(ग) शांत रहना

(प्र=3) दीपक से हम क्या सीख सकते हैं?

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

(प्र=4) धरती से हमें क्या सीखने को मिलता है?
(क) घूमते रहना (ख) हर प्राणी की सच्ची सेवा करना (ग) खेती करना

(प्र=5) इस पद्यांश का सही शीर्षक क्या होगा?
(क) फूलों का महत्त्व (ख) प्रकृति की देन (ग) सीखो

प्रश्न3 निर्देशानुसार, सही उत्तर लिखिए: 5

1. आलसी व्यक्ति को सदा ______ मिलता है।
( यश का विलोम शब्द लिखिए )

2. बूढ़ी नानी बच्चों ______ कहानी सुनाती है।
( के / को )

3. आलम आरा पहली ______ फिल्म थी।
( मूक / सवाक् )

4. बदलू लाख ______ चूड़ियाँ बनाता था।
( का / की )

5. अपनी गुफ़ा ______ बैठा हुआ साँप सब देखा करता था। ( में / पर )

प्रश्न4 निम्नलिखित वाक्यों में, रेखांकित विशेषण के भेद लिखिए - 5

1. बच्चे को <u>थोड़ा</u> पानी दे दो।
2. माता जी ने <u>पाँच मीटर</u> कपड़ा खरीदा।
3. <u>वह</u> लड़की गायिका है।
4. <u>काला</u> कौआ उड़ गया।
5. <u>दो</u> लड़के खेल रहे हैं।

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers